संख्या- 41/2015/1451/एक-4-15-30बी-4/15

प्रेषक,

शम्भू दयाल त्रिपाठी,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

सेवा में,

आयुक्त एवं सचिव,
राजस्व परिषद, उ0 प्र0,
लखनऊ।

राजस्व अनुभाग-4 **लखनऊ दिनांक 03 नवम्बर, 2015**

विषय:-वित्तीय वर्ष 2015-16 हेतु कलेक्ट्रेट एवं तहसील के रिकार्डरूम के आधुनिकीकरण हेतु वित्तीय स्वीकृति के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-1010/1-18-2015/का0सेल/5/15, दिनांक 27-08-2015 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय वित्तीय वर्ष 2015-16 हेतु कलेक्ट्रेट एवं तहसील के रिकार्डरूम के आधुनिकीकरण के अन्तर्गत 05 जनपद एवं 05 तहसीलों के अभिलेखों के कम्प्यूटरीकरण हेतु अनुदान संख्या-52 के पूँजीगत-आयोजनागत पक्ष के अन्तर्गत नई मांग के माध्यम से रू0-5,00,00,000/- (रूपये पांच करोड मात्र) की धनराशि व्यय करने हेतु निम्नलिखित शर्तो के अधीन आपके निर्वतन पर रखे जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है:-

(1) व्यय करने के पूर्व जिन मामलों में बजट मैनुअल/फाइनेन्शियल हैण्डबुक के नियमों तथा अन्य स्थायी आदेशों के अन्तर्गत शासकीय अथवा सक्षम प्राधिकारी की सहमति की आवश्यकता हो, उसमें व्यय करने के पहले ऐसी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जाये।

(2) व्यय करते समय मित्व्ययिता के संबंध में समय-समय पर निर्गत शासनादेशों का भी विशेष रूप से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

(3) उक्त व्यय वित्तीय वर्ष् 2015-16 के अनुदान संख्या-52-लेखाशीर्षक-4070-अन्य प्रशासनिक सेवाओं पर पूँजीगत परिव्यय-800-अन्य व्यय-01-केन्द्र प्रायोजित योजनाएं-0101-प्रदेश के भू-अभिलेखों का कम्प्यूटरीकरण (के0 100/रा0-के)-46 कम्प्यूटर हार्डवेयर/साफ्टवेयर का क्रय के नामे डाला जायेगा।

2- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-2/2015/बी-1-925/दस-2015-231/2015, दिनांक 30 मार्च, 2015 में निहित प्राविधानों के अधीन जारी किये जा रहे है।

भवदीय,

(शम्भू दयाल त्रिपाठी)
विशेष सचिव ।

संख्या-41/2015/1451(1)एक-4-15-तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित -:

1- महालेखाकार, उ0प्र0 इलाहाबाद।
2- वित्त (आय व्ययक)अनुभाग-1 व 2
3- वित्त (व्यय नियंत्रण)अनुभाग-5
4- सम्बन्धित कोषाधिकारी ।
5- राजस्व अनुभाग-6
6- गार्ड फाईल ।

आज्ञा से,

(बीरबल सिंह)
उप सचिव ।

http://shasanadesh.up.nic.in